Test Booklet Code & Serial No.
प्रश्नपत्रिका कोड व क्रमांक

**C**

# Paper-II
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) .........................................

(Name) ................................................

2. (Signature) .........................................

(Name) ................................................

Seat No. | | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. ..............................................................

(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

## MAR - 02223

**Time Allowed : 2 Hours]** **[Maximum Marks : 200**

Number of Pages in this Booklet : **20** Number of Questions in this Booklet : **100**

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **100** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper II will be compulsory.
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. Use only Blue/Black Ball point pen.
11. Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.
12. There is no negative marking for incorrect answers.

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परीक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 100 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनिटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्वीकारू नये.
   (*ii*) पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चुकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पाहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा. :** जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहिलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणाव्यतिरिक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापि, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.
11. कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.
12. चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.

# Hindi
## Paper II
## हिंदी
## प्रश्नपत्रिका II

**Time Allowed : 120 Minutes]** **[Maximum Marks : 200**

**सूचना :** इस प्रश्न-पत्र में **सौ (100)** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के **दो** अंक हैं। **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. भारत में प्रचलित निम्नलिखित लोकनृत्य शैलियों को उनके प्रदेशों से सुमेलित कीजिए :

(*a*) गंभीरा — (*i*) गुजरात
(*b*) ललित — (*ii*) महाराष्ट्र
(*c*) भवाई — (*iii*) मध्य प्रदेश
(*d*) कठपुतली — (*iv*) राजस्थान
(*v*) पश्चिम बंगाल

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (B) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*v*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) |

2. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों से सुमेलित कीजिए :

(*a*) हालावाद और बच्चन — (*i*) डॉ. जयप्रकाश
(*b*) रीतिकालीन कवियों की प्रेम-व्यंजना — (*ii*) डॉ. बच्चन सिंह
(*c*) ज्योति-विहग — (*iii*) डॉ. देवराज
(*d*) छायावाद का पतन — (*iv*) डॉ. दशरथराज
(*v*) डॉ. शांतिप्रिय द्विवेदी

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (B) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) |

3. निम्नलिखित रचनाओं को उनके लेखकों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | अरे यायावर रहेगा याद | (*i*) | राहुल सांकृत्यायन |
| (*b*) | मेरी तिब्बत यात्रा | (*ii*) | अज्ञेय |
| (*c*) | आखिरी चट्टान तक | (*iii*) | अनिल यादव |
| (*d*) | वह भी कोई देश है महाराज | (*iv*) | मोहन राकेश |
| | | (*v*) | हरिवंशराय बच्चन |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) |

4. निम्नलिखित सिद्धान्तों को उनके विचारकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मनोविश्लेषणवाद | (*i*) | अभिनवगुप्त |
| (*b*) | अस्तित्ववाद | (*ii*) | महिम भट्ट |
| (*c*) | उत्पत्तिवाद | (*iii*) | जाँ पाल सार्त्र |
| (*d*) | अभिव्यक्तिवाद | (*iv*) | युंग |
| | | (*v*) | भट्ट लोल्लट |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (B) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (D) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |

5. निम्नलिखित रेखाचित्र को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (*a*) | पथ के साथी | (*i*) | रामवृक्ष बेनीपुरी |
| (*b*) | माटी की मूरतें | (*ii*) | कैलासनाथ काटजू |
| (*c*) | मंटो मेरा दुश्मन | (*iii*) | महादेवी वर्मा |
| (*d*) | मैं भूल नहीं सकता | (*iv*) | उपेन्द्रनाथ अश्क |
| | | (*v*) | अज्ञेय |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (B) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) |

6. संस्कृत आचार्य तथा उनके ग्रंथों को सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | दंडी | (*i*) | काव्यानुशासन |
| (*b*) | मम्मट | (*ii*) | अलंकार सर्वस्व |
| (*c*) | रुय्यक | (*iii*) | साहित्य दर्पण |
| (*d*) | विश्वनाथ | (*iv*) | काव्यप्रकाश |
| | | (*v*) | काव्यादर्श |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (B) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) | (*iv*) |

7. निम्नलिखित उद्धरणों में व्यक्त अलंकारों को सुमेलित कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) परी प्रेम नंदलाल के मोहि न भावत जोग। मधुप राजपद पाइकै भीख न माँगत लोग॥ | (*i*) | असंगति |
| (*b*) अली इन लोयन को कछू उपजी बड़ी बलाय। नीर भरे नितप्रति रहैं तऊ न प्यास बुझाय॥ | (*ii*) | दृष्टांत |
| (*c*) हृदय घाव मेरे पीर रघुबीरै। | (*iii*) | अतिशयोक्ति |
| (*d*) नभ फहरहिं अति उच्च निसाना। तिन्ह महँ अटकहिं बिबुध बिताना॥ | (*iv*) | विशेषोक्ति |
| | (*v*) | समासोक्ति |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*v*) | (*i*) | (*iii*) |
| (C) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) | (*iii*) |
| (D) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |

8. भारतेंदु हरिश्चंद्र के नाटकों तथा नाट्य-भेदों को सुमेलित कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) वैदिकी हिंसा हिंसा न भवति | (*i*) | नाटक |
| (*b*) सत्य हरिश्चंद्र | (*ii*) | नाट्य रासक |
| (*c*) श्री चंद्रावली | (*iii*) | भाण |
| (*d*) विषस्य विषमौषधम | (*iv*) | प्रहसन |
| | (*v*) | नाटिका |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |

9. निम्नलिखित साहित्यिक पत्रिकाओं को प्रकाशित होने वाले शहरों से सुमेलित कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) आलोचना | (*i*) | भोपाल |
| (*b*) पूर्वग्रह | (*ii*) | नयी दिल्ली |
| (*c*) तद्भव | (*iii*) | जबलपुर |
| (*d*) पहल | (*iv*) | लखनऊ |
| | (*v*) | पटना |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*v*) | (*iii*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |

10. निम्नलिखित रचनाकारों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) ल्योतार | (*i*) | फ्लाइट टू कनाडा |
| (*b*) बौद्रिया | (*ii*) | राइटिंग एंड डिफरेंस |
| (*c*) इस्माइल रीड | (*iii*) | द मिरर ऑफ प्रोडक्सन |
| (*d*) जॉक देरिदा | (*iv*) | द ईयर 2000 हैज आलरेडी हैपन्ड इन 1988 |
| | (*v*) | द रिमेन्स ऑफ द डे |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) |
| (B) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) |

11. निम्नलिखित में से भाषा के अभिलक्षणों का संगत वर्ग है :

(A) मानकरूप, व्याख्यात्मक, परिवर्तनशीलता, द्वैतता

(B) व्याख्यात्मक, सृजनात्मकता, द्वैतता, परिवर्तनशीलता

(C) सृजनात्मकता, परिवर्तनशीलता, द्वैतता, अनुकरणग्राह्यता

(D) परिवर्तनशीलता, अनुकरणग्राह्यता, व्याख्यात्मक, व्यतिरेकी

12. सरलवाक्या के प्रकारों का संगत वर्ग है :

(A) क्रियापूरकीय, कर्तृपूरकीय, अकर्मकीय, सकर्मकीय

(B) अकर्मकीय, योगात्मक, द्विकर्मकीय, अव्ययीय

(C) कर्मपूरकीय, अकर्मकीय, एककर्मकीय, द्विकर्मकीय

(D) कर्मपूरकीय, विशेषणपूरकीय, एककर्मकीय, अकर्मकीय

13. निम्नलिखित में से अमरीकी परिवार की भाषाओं का संगत वर्ग है :

(A) जार्जियन, चरोकी, गुअर्नी, एस्किमो

(B) एस्किमो, अथवस्कन, चरोकी, गुअर्नी

(C) यरुबा, एस्किमो, चरोकी, गुअर्नी

(D) चरोकी, यरुबा, जार्जियन, एस्किमो

14. सूफी कवियों का संगतक्रम आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार क्या है ?

(A) कुतुबन, मंझन, जायसी, आलम

(B) कुतुबन, जायसी, मंझन, उसमान

(C) कुतुबन, मंझन, शेखनवी, रसखान

(D) कुतुबन, मंझन, शेखनिसार, रसलीन

15. जायसी की रचनाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?

(A) पद्मावत, चंदायन, मसलानामा, मधुमालती

(B) अखरावट, पद्मावत, कान्हावत, आखिरी कलाम

(C) मधुमालती, पुहुपावती, चंदायन, पोस्तीनामा

(D) पद्मावत, अखरावट, चंदायन, मधुमालती

16. केशवदास की काव्यकृतियों का सही संगत वर्ग है :

(A) कविप्रिया, रसिकप्रिया, विज्ञानगीता, रतनबावनी

(B) कविप्रिया, रसिकप्रिया, ललितललाम, रामचंद्रिका

(C) कविप्रिया, विज्ञानगीता, भावविलास, रामचंद्रिका

(D) रसिकप्रिया, रामचंद्रिका, पद्माभरण, विज्ञानगीता

17. निम्नलिखित में से रीतिबद्ध कवियों का संगत वर्ग है :

(A) मतिराम, पदमाकर, देव, आलम

(B) मतिराम, पदमाकर, देव, घनानन्द

(C) देव, मतिराम, पदमाकर, बोधा

(D) पदमाकर, देव, मतिराम, ठाकुर

18. राम काव्यधारा के कवियों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) ईश्वरदास, तुलसीदास, कृष्णदास, नंददास
(B) विष्णुदास, तुलसीदास, नाभादास, श्यामसखे
(C) सूरदास, बेनी माधव, तुलसीदास, केशवदास
(D) केशवदास, भिखारीदास, रामसखे, श्यामसखे

19. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार भक्तिकाल के फुटकल रचनाकारों का संगत वर्ग है :
(A) कृपाराम, नरोत्तमदास, आलम, ध्रुवदास
(B) कृपाराम, नरोत्तमदास, रसखान, आलम
(C) कृपाराम, आलम, नरोत्तमदास, श्रीभट्ट
(D) कृपाराम, नरोत्तमदास, आलम, गंग

20. रामचंद्र शुक्ल के निबंधों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) साहित्य की उपयोगिता, हालावाद, उत्साह, क्रोध
(B) आलोक पर्व, विचार प्रवाह, कहानी, नाटक
(C) कविता क्या है ?, करुणा, हिंदी और हिन्दुस्तानी, उपन्यास
(D) श्रद्धा-भक्ति, भाव, निंदा रस, इतिहास दृष्टि

21. निराला की कृतियों का संगत वर्ग है :
(A) तुलसीदास, अणिमा, अर्चना, आराधना
(B) जुही की कली, जागो फिर एक बार, राम की शक्ति पूजा, सरोज स्मृति
(C) बादल राग, राग विराग, मौन निमंत्रण, संध्या गीत
(D) जुही की कली, नीहार, राम की शक्ति पूजा, कुकुरमुत्ता

22. निम्नलिखित में से भारोपीय परिवार की भाषाओं का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) उड़िया, तमिल, तेलुगू, असमिया
(B) असमिया, पंजाबी, सूडानी, तिब्बती
(C) वैदिक, प्राकृत, इतालवी, जर्मन
(D) कोरियन, जर्मन, हिंदी, कन्नड़

23. प्रेमचन्द की कहानियों का संगत वर्ग है :
(A) सारंधा, बाँका गुमान, दफ्तरी, भुक्ति-मार्ग
(B) सारंधा, बाँका गुमान, बिसाती, स्वर्ग संतरण
(C) सारंधा, भुक्ति-मार्ग, प्रतिध्वनि, खेल
(D) सारंधा, दफ्तरी, फाँसी, जयसंधि

24. निम्नलिखित में से जैनेंद्र के उपन्यासों का संगत वर्ग है :
(A) अमिता, परख, त्यागपत्र, कल्याणी
(B) परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी
(C) कल्याणी, सुनीता, मृगजल, परख
(D) परख, मनुष्य के रूप, त्यागपत्र, कल्याणी

25. अमृतलाल नागर के उपन्यासों का संगत वर्ग कौनसा है ?
(A) मानस का हंस, बेतवा बहती रही, परख, खंजन नयन
(B) शतरंज के मोहरे, बूँद और समुद्र, पुनर्नवा, डूब
(C) अमृत और विष, डूब, तमस, मानस का हंस
(D) बूँद और समुद्र, अमृत और विष, एकदा नैमिषारण्ये, करवट

26. निम्नलिखित में से वाचिक अभिनय का संगत वर्ग है :
    (A) विलाप, स्थैर्य, प्रगल्भता, संदेश
    (B) संदेश, प्रलाप, आलाप, प्रगल्भता
    (C) संल्लाप, प्रलाप, संदेश, निर्देश
    (D) प्रलाप, शोभा, अनुलाप, निर्देश

27. नामवर सिंह के आलोचना का संगत वर्ग है :
    (A) हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योग, कविता के नये प्रतिमान, दूसरी परंपरा की खोज, वाद-विवाद-संवाद
    (B) कविता के नये प्रतिमान, वाद-विवाद-संवाद, प्रगतिशील साहित्य के मानदंड, हिंदी नवलेखन
    (C) दूसरी परंपरा की खोज, रचना के सरोकार, हिंदी के विकास में अपभ्रंश का योग, दोआब
    (D) साहित्यिकी, वाद-विवाद-संवाद, मिथक और आधुनिक कविता, साहित्य का नया परिप्रेक्ष्य

28. स्त्री यात्रा साहित्यकार का संगत वर्ग लिखिए :
    (A) शिवानी, रोहिणी अग्रवाल, अनामिका, रमणिका गुप्ता
    (B) रमणिका गुप्ता, नासिरा शर्मा, अनामिका, कृष्णा सोबती
    (C) शिवानी, रमणिका गुप्ता, नासिरा शर्मा, गगन गिल
    (D) शिवानी, अनामिका, नासिरा शर्मा, गगन गिल

29. भारतीय काव्यशास्त्र के सिद्धान्तों का संगत वर्ग कौनसा है ?
    (A) उदात्त-सिद्धांत, संप्रेषण सिद्धांत, परंपरा, औचित्य
    (B) त्रासदी, रीति, अलंकार, रस
    (C) रीति, ध्वनि, वक्रोक्ति, औचित्य
    (D) रस, अलंकार, औचित्य, विरेचन

30. मार्क्सवाद की विशेषताओं का कौनसा वर्ग संगत है ?
    (A) ऐतिहासिक विकासवाद, क्रांति, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, मानवतावाद
    (B) रहस्यवाद, मनोविश्लेषणवाद, समाजवाद, शास्त्रवाद
    (C) कलावाद, विकासवाद, भौतिकवाद, यथार्थवाद
    (D) उपयोगितावाद, द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद, अस्तित्ववाद, रहस्यवाद

31. रचनाकाल की दृष्टि से बूँद की रचनाओं का सही क्रम क्या है ?
    (A) यमक सतसई, पवन पचीसी, भाव पंचशिका, बारहमासा
    (B) पवन पचीसी, यमक सतसई, बारहमासा, भाव पंचशिका
    (C) भाव पंचशिका, बारहमासा, यमक सतसई, पवन पचीसी
    (D) बारहमासा, भाव पंचशिका, पवन पचीसी, यमक सतसई

32. प्रेमाख्यान काव्यों का कालक्रमानुसार सही क्रम है :

(A) पद्‌मावत, चित्रावली, अनुराग बाँसुरी, प्रेमपयोनिधि

(B) चित्रावली, पद्‌मावत, प्रेमपयोनिधि, अनुराग बाँसुरी

(C) अनुराग बाँसुरी, पद्‌मावत, प्रेमपयोनिधि, चित्रावली

(D) प्रेमपयोनिधि, अनुराग बाँसुरी, चित्रावली, पद्‌मावत

33. जन्मकाल के अनुसार कवियों का सही क्रम कौनसा है ?

(A) दादुदयाल, गुरुनानक, मलुकदास, सुंदरदास

(B) गुरुनानक, दादुदयाल, मलुकदास, सुंदरदास

(C) मलुकदास, सुंदरदास, गुरुनानक, दादुदयाल

(D) सुंदरदास, मलुकदास, दादुदयाल, गुरुनानक

34. निम्नलिखित रचनाओं का कालक्रमानुसार **सही** अनुक्रम है :

(A) जीवदया रास, आबू रास, नेमिनाथ रास, गयासुकुमाल रास

(B) आबू रास, जीवदया रास, गयासुकुमाल रास, नेमिनाथ रास

(C) नेमिनाथ रास, आबू रास, गयासुकुमाल रास, जीवदया रास

(D) जीवदया रास, गयासुकुमाल रास, नेमिनाथ रास, आबु रास

35. कालक्रमानुसार अवधी की रचनाओं का **सही** क्रम कौनसा है ?

(A) चंदायन, सत्यवती कथा, पद्‌मावत, रामलला नहछू

(B) सत्यवती कथा, चंदायन, पद्‌मावत, रामलला नहछू

(C) चंदायन, पद्‌मावत, सत्यवती कथा, रामलला नहछू

(D) पद्‌मावत, चंदायन, रामलला नहछू, सत्यवती कथा

36. राम काव्यधारा के कवियों का **सही** क्रम कौनसा है ?

(A) बनादास, नाभादास, तुलसीदास, विष्णुदास

(B) नाभादास, विष्णुदास, बनादास, तुलसीदास

(C) बनादास, नाभादास, विष्णुदास, तुलसीदास

(D) विष्णुदास, तुलसीदास, नाभादास, बनादास

37. कालक्रमानुसार निम्न पत्रिकाओं के आरम्भ का अनुक्रम है :

(A) सरस्वती, उदंत मार्तंड, हंस, इंदु

(B) उदंत मार्तंड, सरस्वती, हंस, इंदु

(C) उदंत मार्तंड, सरस्वती, इंदु, हंस

(D) उदंत मार्तंड, हंस, इंदु, सरस्वती

38. निम्नलिखित रचनाओं का **सही** अनुक्रम पहचानिए :

(A) चौरासी वैष्णवन की वार्ता, भक्तमाल, भावप्रकाश, वल्लभ दिग्विजय

(B) भक्तमाल, भावप्रकाश, वल्लभ दिग्विजय, चौरासी वैष्णवन की वार्ता

(C) वल्लभ दिग्विजय, भावप्रकाश, भक्तमाल, चौरासी वैष्णवन की वार्ता

(D) भक्तमाल, चौरासी वैष्णवन की वार्ता, भावप्रकाश, वल्लभ दिग्विजय

39. निम्नलिखित प्रबंध-काव्यों का कालक्रम की दृष्टि से **सही** क्रम है :
    (A) लोकायतन, उर्वशी, कनुप्रिया, उत्तरजय
    (B) कनुप्रिया, लोकायतन, उर्वशी, उत्तरजय
    (C) कनुप्रिया, उत्तरजय, उर्वशी, लोकायतन
    (D) लोकायतन, कनुप्रिया, उत्तरजय, उर्वशी

40. अंतस्थ व्यंजन वर्णों का **सही** अनुक्रम है :
    (A) फ, ब, भ, म
    (B) य, र, स, ह
    (C) श, ष, स, ह
    (D) य, र, ल, व

41. निम्नलिखित उपन्यासों का कालक्रमानुसार **सही** क्रम है :
    (A) विधवा विपत्ति, नूतन चरित्र, जया, नूतन ब्रह्मचारी
    (B) नूतन चरित्र, नूतन ब्रह्मचारी, विधवा विपत्ति, जया
    (C) जया, नूतन चरित्र, विधवा विपत्ति, नूतन ब्रह्मचारी
    (D) नूतन ब्रह्मचारी, जया, विधवा विपत्ति, नूतन चरित्र

42. निम्नलिखित औपचारिक रचनाओं का **सही** अनुक्रम क्या है ?
    (A) विराटा की पद्‌मिनी, अप्सरा, चित्रलेखा, वयं रक्षामः
    (B) अप्सरा, चित्रलेखा, वयं रक्षामः, विराटा की पद्‌मिनी
    (C) वयं रक्षामः, विराटा की पद्‌मिनी, अप्सरा, चित्रलेखा
    (D) चित्रलेखा, अप्सरा, विराटा की पद्‌मिनी, वयं रक्षामः

43. प्रकाशन वर्ष की दृष्टि से निम्नलिखित कहानी-संग्रहों का **सही** अनुक्रम बताइये :
    (A) सोजेवतन, वातायन, आकाशदीप, चिनगारियाँ
    (B) सोजेवतन, चिनगारियाँ, आकाशदीप, वातायन
    (C) चिनगारियाँ, सोजेवतन, वातायन, आकाशदीप
    (D) वातायन, सोजेवतन, चिनगारियाँ, आकाशदीप

44. राष्ट्रीय काव्यधारा के कवियों का **सही** अनुक्रम है :
    (A) सुभद्राकुमारी चौहान, माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', दिनकर
    (B) माखनलाल चतुर्वेदी, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', सुभद्राकुमारी चौहान, दिनकर
    (C) दिनकर, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', सुभद्राकुमारी चौहान, माखनलाल चतुर्वेदी
    (D) बालकृष्ण शर्मा 'नवीन', दिनकर, माखनलाल चतुर्वेदी, सुभद्राकुमारी चौहान

45. जगदीशचंद्र माथुर के एकांकी नाटकों का काल-क्रमानुसार **सही** क्रम है :
    (A) शारदीय, कलींग-विजय, रीढ़ की हड्‌डी, मकड़ी का जाला
    (B) कलींग-विजय, रीढ़ की हड्‌डी, मकड़ी का जाला, शारदीय
    (C) मकड़ी का जाला, कलींग-विजय, शारदीय, रीढ़ की हड्‌डी
    (D) रीढ़ की हड्‌डी, मकड़ी का जाला, शारदीय, कलींग-विजय

46. नाटकों का **सही** अनुक्रम लिखिये :
   (A) कबीरा खड़ा बाजार में, बकरी, शुतुरमुर्ग, कोणार्क
   (B) कोणार्क, शुतुरमुर्ग, बकरी, कबीरा खड़ा बाजार में
   (C) शुतुरमुर्ग, बकरी, कबीरा खड़ा बाजार में, कोणार्क
   (D) कबीरा खड़ा बाजार में, कोणार्क, बकरी, शुतुरमुर्ग,

47. जन्मकाल के अनुसार महिला लेखिकाओं का **सही** क्रम है :
   (A) चित्रा मुद्‌गल, चंद्रकांता, गीतान्जली श्री, ममता कालिया
   (B) चंद्रकांता, गीतान्जली श्री, चित्रा मुद्‌गल, ममता कालिया
   (C) ममता कालिया, चित्रा मुद्‌गल, चंद्रकांता, गीतान्जली श्री
   (D) चंद्रकांता, ममता कालिया, चित्रा मुद्‌गल, गीतान्जली श्री

48. अन्य पुरुष कर्ता एकवचन का **सही** अनुक्रम है :
   (A) यह, इनसे, वह, उसने
   (B) यह, वह, इसने, उसने
   (C) उसने, इससे, वह, यह
   (D) यह, इसके, वह, उसने

49. निम्नलिखित आलोचना दृष्टियों का सही अनुक्रम लिखिए :
   (A) रूपवाद, संरचनावाद, नयी समीक्षा, उत्तर संरचनावाद
   (B) संरचनावाद, नई समीक्षा, उत्तर संरचनावाद, रूपवाद
   (C) रूपवाद, नई समीक्षा, संरचनावाद, उत्तर संरचनावाद
   (D) नई समीक्षा, रूपवाद, संरचनावाद, उत्तर संरचनावाद

50. कालक्रमानुसार स्वच्छंदतावादी कवियों का **सही** क्रम कौनसा है ?
   (A) शेली, कीट्स, बायरन, वर्ड्सवर्थ
   (B) वर्ड्सवर्थ, कीट्स, शेली, बायरन
   (C) बायरन, शेली, कीट्स, वर्ड्सवर्थ
   (D) वर्ड्सवर्थ, बायरन, शेली, कीट्स

51. **स्थापना** : अजनबीपन से ग्रस्त मनुष्य को जो पाशव है वही मानवीय और मानवीय अंततः पाशव प्रतीत होता है।
   **तर्क** : अजनबीपन आधुनिक मनुष्य-जीवन की त्रासदी है।
   इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?
   (A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं
   (B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं
   (C) स्थापना सही, तर्क गलत है
   (D) तर्क सही, स्थापना गलत है

52. **स्थापना** : काव्य आत्मा की संकल्पात्मक अनुभूति है जिसका संबंध विश्लेषण, विकल्प या विज्ञान से नहीं है।
   **तर्क** : विज्ञान का संबंध संवेदना से नहीं होता।
   इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?
   (A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं
   (B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं
   (C) स्थापना सही और तर्क गलत है
   (D) स्थापना गलत और तर्क सही है

53. **स्थापना** : प्रियतम के वियोग से जो दु:ख होता है, उसमें कभी-कभी दया या करुणा का भी कुछ अंश मिला रहता है।

**तर्क** : प्रियतम के वियोग पर उत्पन्न करुणा का विषय प्रियतम के सुख का निश्चय है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

54. **स्थापना** : गोस्वामी जी के प्रादुर्भाव को हिंदी काव्य के क्षेत्र में एक चमत्कार समझना चाहिए।

**तर्क** : गोस्वामी जी चमत्कार में विश्वास करते थे।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

55. **स्थापना** : स्त्रियाँ पुरुष संबंधों से मुक्ति नहीं बल्कि अधिकारों की अपेक्षा रखती हैं।

**तर्क** : स्त्री-विमर्श से नारी-जीवन में परिवर्तन की अपेक्षा है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

56. **स्थापना** : रस न सुखात्मक है और न दु:खात्मक, रस दशा हृदय की मुक्तावस्था का नाम है।

**तर्क** : रसानुभूति मानसिक परितोष है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

57. **स्थापना** : कवि परमात्मा की बात के व्याख्याकार मात्र हैं।

**तर्क** : वहाँ बोलने वाला ईश्वर ही होता है जो कवि को माध्यम बनाकर अपनी बात कह लेता है।

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

58. **स्थापना** : मनोविश्लेषणवाद में सबसे ज्यादा महत्व व्यक्ति के मन को दिया जाता है।

**तर्क** : क्योंकि व्यक्ति का मन सामाजिक प्रतिबंधों में कैद होकर जड़ हो जाता है।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

59. **स्थापना** : ''अतिशयोक्ति अलंकार में उपमेय को छिपाकर उससे उपमान का भेद दिखाया जाता है।''

**तर्क** : ''उपमेय को छिपाकर उससे उपमान का भेद दिखाया जाना कविता में असंभव है।''

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना सही, तर्क गलत है

(B) तर्क सही, स्थापना गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

60. **स्थापना** : व्यक्ति का वास्तविकताओं के साथ जो द्वंद्वात्मक संबंध होता है, वही काव्यादि में व्यक्त होता है।

**तर्क** : काव्य और कला में वातावरण और व्यक्ति की मूल प्रवृत्तियों का संबंध नहीं होता।

इनमें से कौन-सा विकल्प **सही** है ?

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

61. 'यो-हे-हो' सिद्धांत के संस्थापक हैं :

(A) न्वायर

(B) मैक्समूलर

(C) जी. रेवेज

(D) सस्यूर

62. किस जनपद में अवधी **नहीं** बोली जाती है ?

(A) रायबरेली

(B) बरेली

(C) सीतापुर

(D) बहराइच

63. अपभ्रंश को सबसे पहले 'पुरानी हिंदी' किसने कहा है ?

(A) ग्रियर्सन

(B) हेमचन्द्र

(C) चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी'

(D) राहुल सांकृत्यायन

64. 'नोट्स आव तुलसीदास' ग्रंथ के लेखक हैं :

(A) जेम्स स्कॉट

(B) जार्ज अब्राहम ग्रियर्सन

(C) मैथ्यू आर्नल्ड

(D) जे. एन. कारपेंटर

65. गंग कवि ने 'चंद छंद बरनन की महिमा' नामक पुस्तक किस विधा में लिखी है ?

(A) पद्य

(B) गद्य

(C) रूपक

(D) चम्पू

66. तुलसीदास की निम्नलिखित रचनाओं में गीतिकाव्य **नहीं** है ?

(A) विनयपत्रिका

(B) कवितावली

(C) कृष्ण गीतावली

(D) गीतावली

67. निम्नलिखित में से आलम की रचना **नहीं** है :

(A) सुदामा चरित्र

(B) विरह वारीश

(C) माधवानल-कामकंदला

(D) श्याम सनेही

68. 'नेही महा, ब्रजभाषा प्रवीन औ सुंदरता के भेद कौ जानै'—इस पंक्ति का प्रयोग रामचंद्र शुक्ल ने किस कवि के संदर्भ में किया है ?

(A) बिहारीदास

(B) केशवदास

(C) घनानन्द

(D) पद्माकर

69. फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दुस्तानी विभाग के अध्यक्ष थे :

(A) जॉन गिलक्राइस्ट

(B) जार्ज ग्रियर्सन

(C) गार्सो द-तासी

(D) कामिल बुल्के

70. 'रावण अशुद्ध होकर भी यदि कर सका त्रस्त तो निश्चय तुम हो सिद्ध करोगे उसे ध्वस्त' 'राम की शक्ति पूजा' में यह कथन किसका है ?

(A) लक्ष्मण

(B) विभीषण

(C) सुग्रीव

(D) जाम्बवान

71. 'बीन भी हूँ मैं तुम्हारी रागिनी भी हूँ—किसकी काव्य-पंक्ति है ?

(A) जयशंकर प्रसाद

(B) सुमित्रानंदन पंत

(C) महादेवी वर्मा

(D) सुभद्राकुमारी चौहान

72. 'कामायनी' में किस नारी पात्र का उल्लेख **नहीं** मिलता ?

(A) श्रद्धा

(B) इड़ा

(C) रति

(D) दिमित्र

73. 'राम की शक्ति पूजा' के अनुसार 'साधु, साधु, साधक धीर, धर्म-धन धन्य राम' पंक्ति किसका कथन है ?

(A) सुग्रीव

(B) भगवती

(C) जाम्बवान

(D) हनुमान

74. 'बरगद का पेड़' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) शमशेरबहादुर सिंह

(B) कुंवरनारायण

(C) रामविलास शर्मा

(D) मुक्तिबोध

75. 'एक टोकरी भर मिट्टी' कहानी में किसका हृदय-परिवर्तन दिखाया गया है ?

(A) विधवा औरत

(B) समाज

(C) जमींदार

(D) मजदूर

76. 'परिंदे' कहानी में किस पादरी का संदर्भ आया है ?

(A) फादर एल्मंड

(B) एंथनी गोंजालविस

(C) फादर कामिल

(D) फादर मेरटॉन

77. 'पीढ़ियाँ' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(A) अमृतराय

(B) अमृतलाल नागर

(C) यशपाल

(D) भगवतीचरण वर्मा

78. 'पतझड़' शब्द में कौनसा समास है ?

(A) तत्पुरुष

(B) बहुव्रीहि

(C) कर्मधारय

(D) द्वन्द्व

79. निम्नलिखित में से कौनसा पात्र 'मैला आँचल' में **नहीं** है ?

(A) बालदेव

(B) बावनदास

(C) चुन्नी गोसाईं

(D) ओंकारनाथ

80. निम्नलिखित दोहा के रचयिता कौन हैं ?

अभिधा उत्तम काव्य है, मध्य लक्षणालीन।
अधम व्यंजना रस कुटिल, उलटी कहत नवीन॥

(A) बिहारीलाल

(B) केशवदास

(C) भिखारीदास

(D) देव

81. इनमें से किस आलोचक ने 'देवरानी जेठानी की कहानी' को हिंदी का पहला उपन्यास कहा है ?

(A) रामचन्द्र शुक्ल

(B) मधुरेश

(C) गोपाल राय

(D) नामवर सिंह

82. निम्नलिखित में से कौनसा उपन्यास मिश्रबन्धुओं का **नहीं** है ?

(A) पुष्यमित्र

(B) विक्रमादित्य

(C) चन्द्रगुप्त मौर्य

(D) झाँसी की रानी

83. 'कफन' कहानी सर्वप्रथम किस पत्रिका में प्रकाशित हुई ?

(A) सरस्वती

(B) चाँद

(C) सुधाकर

(D) इन्दू

84. इनमें से कौनसा कहानी-संग्रह जयशंकर प्रसाद का **नहीं** है ?

(A) आंधी

(B) अमरवल्लरी

(C) इंद्रजाल

(D) आकाशदीप

85. 'भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और हिंदी' निबंध के लेखक हैं :

(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(B) रामविलास शर्मा

(C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(D) नन्ददुलारे वाजपेयी

86. निम्नलिखित में से कौनसा एकांकी **नहीं** है ?

(A) दीपदान

(B) नये मेहमान

(C) भोर का तारा

(D) प्रेत और छाया

87. युद्ध में 'कई' लोग मारे गये। इस वाक्य में प्रयुक्त 'कई' शब्द में किस सर्वनाम का प्रयोग हुआ है ?

(A) संबंधवाचक सर्वनाम

(B) अनिश्चयवाचक सर्वनाम

(C) निश्चयवाचक सर्वनाम

(D) संख्यावाचक सर्वनाम

88. हिरामन नौटंकी कंपनी की स्त्री को क्या समझता था ?

(A) सामान्य नारी

(B) पूज्य नारी

(C) बाईजी

(D) देवीजी

89. 'आत्मनेपद' किस विधा की रचना है ?

(A) संस्मरण

(B) रेखाचित्र

(C) कहानी

(D) यात्रा-साहित्य

90. निम्नलिखित में से किस पुस्तक में 'प्रगतिशील लेखक संघ' की स्थापना का विवरण है ?

(A) रोशनाई

(B) प्रगतिवाद : पुनर्मूल्यांकन

(C) कविता के नये प्रतिमान

(D) साहित्य और इतिहास दृष्टि

91. निम्नलिखित संज्ञा भेदों को उनके उदाहरणों से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | व्यक्तिवाचक संज्ञा | (*i*) | गोशाला |
| (*b*) | जातिवाचक संज्ञा | (*ii*) | सभा |
| (*c*) | भाववाचक संज्ञा | (*iii*) | सह्याद्रि |
| (*d*) | समूहवाचक संज्ञा | (*iv*) | चाँदी |
| | | (*v*) | मानवता |

इनमें से **सही** विकल्प है :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*i*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (B) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (C) | (*i*) | (*v*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (D) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |

92. निम्नलिखित पत्रिकाओं को उनके प्रकाशित होने वाले शहरों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | विप्लव | (*i*) | कानपुर |
| (*b*) | सुदर्शन | (*ii*) | मुंबई |
| (*c*) | साधना | (*iii*) | लखनऊ |
| (*d*) | भारतीविधा | (*iv*) | आगरा |
| | | (*v*) | एटा |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*v*) |
| (C) | (*v*) | (*i*) | (*ii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |

93. निम्नलिखित काव्य-पंक्तियों को उनकी काव्य-रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) अभिलाषाओं की करवट (*i*) गीत फरोश
फिर सुप्त व्यथा का जगना
सुख का सपना हो जाना
भींगी पलकों का गलना।

(*b*) काम मुझ ही से सधा है (*ii*) यह दीप अकेला
शेर भी मुझसे गधा है।

(*c*) जिज्ञा, प्रबुद्ध, सदा श्रद्धामय (*iii*) आँसू
इसको भी भक्ति को दे दो।

(*d*) जी नहीं, (*iv*) प्रथम रश्मि
दिल्लगी की इसमें क्या बात ?
मैं लिखता ही तो रहता हूँ
दिन-रात।

(*v*) कुकुरमुत्ता

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iv*) | (*iii*) | (*ii*) | (*i*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*i*) |
| (C) | (*iii*) | (*v*) | (*ii*) | (*i*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |

94. निम्नलिखित संप्रदायों को उनके प्रवर्तकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | सूची I | | सूची II |
|---|---|---|---|
| (*a*) | श्री संप्रदाय | (*i*) | मध्वाचार्य |
| (*b*) | ब्राह्म संप्रदाय | (*ii*) | विष्णुशास्त्री |
| (*c*) | रुद्र संप्रदाय | (*iii*) | रामानुजाचार्य |
| (*d*) | सनकादि संप्रदाय | (*iv*) | वल्लभाचार्य |
| | | (*v*) | निम्बार्काचार्य |

**कोड :**

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) | (*ii*) |
| (C) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iii*) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) |

95. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | चंदायन | (*i*) | नंददास |
| (*b*) | भँवरगीत | (*ii*) | मुल्लादाउद |
| (*c*) | कृष्ण गीतावली | (*iii*) | अमीर खुसरो |
| (*d*) | खालिकबारी | (*iv*) | तुलसीदास |
| | | (*v*) | कृष्णदास |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (C) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) | (*i*) |
| (D) | (*iii*) | (*ii*) | (*iv*) | (*i*) |

96. निम्नलिखित कवियों को उनके आश्रयदाता राजाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | महाकवि देव | (*i*) | रामसिंह |
| (*b*) | कुलपति मिश्र | (*ii*) | मकरंदशाह |
| (*c*) | मंडन | (*iii*) | जयसिंह |
| (*d*) | चिंतामणि | (*iv*) | आजमशाह |
| | | (*v*) | मंयदसिंह |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) | (*iii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*i*) |
| (C) | (*iv*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (D) | (*iv*) | (*ii*) | (*iii*) | (*v*) |

97. काव्य–पंक्तियों को उनके कवि से सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | मानुस प्रेम भयऊ बैकुंठी | (*i*) | कबीर |
| (*b*) | पाई महावर दैने कौं | (*ii*) | जायसी |
| (*c*) | मन कै मतै न चालिए | (*iii*) | बिहारी |
| (*d*) | जस जस सुरसा बदनु बढ़ावा | (*iv*) | सूर |
| | | (*v*) | तुलसी |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |

98. निम्नलिखित रचनाओं को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | **सूची I** | | **सूची II** |
|---|---|---|---|
| (*a*) | वनबेला | (*i*) | रामनरेश त्रिपाठी |
| (*b*) | उत्तरा | (*ii*) | सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला' |
| (*c*) | परिक्रमा | (*iii*) | सुमित्रानंदन पंत |
| (*d*) | चित्राधार | (*iv*) | जयशंकर प्रसाद |
| | | (*v*) | महादेवी वर्मा |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*i*) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) |
| (C) | (*iii*) | (*v*) | (*iv*) | (*ii*) |
| (D) | (*ii*) | (*iv*) | (*iii*) | (*v*) |

99. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके उपन्यासकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भाग्यवती | (*i*) | राधाकृष्ण दास |
| (*b*) | निस्सहाय हिन्दू | (*ii*) | श्रद्धाराम फुल्लोरी |
| (*c*) | श्यामा स्वप्न | (*iii*) | भुवनेश्वर मिश्र |
| (*d*) | बलवन्त भूमिहार | (*iv*) | लाला श्रीनिवास दास |
| | | (*v*) | ठाकुर जगन्मोहन सिंह |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iii*) | (*iv*) |
| (B) | (*ii*) | (*i*) | (*v*) | (*iii*) |
| (C) | (*i*) | (*ii*) | (*v*) | (*iv*) |
| (D) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*v*) |

100. निम्नलिखित वर्णों को उनके उच्चारण स्थानों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | व | (*i*) | कंठोष्ठ्य |
| (*b*) | ओ | (*ii*) | तालव्य |
| (*c*) | ए | (*iii*) | दंतोष्ठ्य |
| (*d*) | इ | (*iv*) | मूर्धन्य |
| | | (*v*) | कंठतालव्य |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (*ii*) | (*i*) | (*iv*) | (*iii*) |
| (B) | (*iii*) | (*iv*) | (*v*) | (*ii*) |
| (C) | (*iii*) | (*i*) | (*v*) | (*ii*) |
| (D) | (*iii*) | (*iv*) | (*ii*) | (*v*) |

## ROUGH WORK